मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/05/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --208/2026
28 मई 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ श्री अनुराग बेहर ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं उनके बीच रांची में फाउंडेशन द्वारा बनाए जा रहे अजीम प्रेमजी मेडिकल यूनिवर्सिटी, एक हजार शैय्या वाले मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल एवं स्कूल की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही राज्य में साझा सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र पर भी कार्य किए जाने के संबंध में सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।

मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के झारखंड हेड श्री राकेश तिवारी एवं फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड श्री कैलाश कांडपाल उपस्थित रहे।

============================

#Team PRD(CMO)